5. निरीक्षण के समय लेयर फार्म में मृत मुर्गीयो के निस्तारण हेतु एक नग सीमेन्टेड टैंक मुर्गी फार्म परिसर में स्थापित पाया गया। उपस्थित प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि मृत मुर्गियों को टैंक में डालकर नमक आदि मिलाकर निस्तारित किया जाता है। वर्तमान में टैंक में पानी भर जाने के कारण मृत मुर्गियों को लेयर फार्म परिसर में ही खुले में ओवरहेड सीमेन्टेड टैंक के अन्दर जला दिया जाता है। निरीक्षण के समय खुले में ओपेन सीमेन्टेड टैंक जमीन के ऊपर स्थापित पाया गया। जिसमें मरी हुयी मुर्गियों को रखा गया था। लेयर फार्म प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि रात में मृत मुर्गियो का जला दिया जायेगा। मृत मुर्गियों को जलाने से उत्पन्न होने वाले दुर्गन्ध एवं धुए आदि के नियन्त्रण हेतु कोई व्यवस्था स्थापित नही पायी गयीं।
6. निरीक्षण के समय लेयर फार्म के संचालन से जनित सालिड वेस्ट (मुर्गियों की बीट इत्यादि) को पोल्ट्री फार्म के नीचे भण्डारित किया जाता पाया गया जिससे दुर्गन्ध उत्पन्न हो रही थी। निरीक्षण के समय साफ–सफाई की व्यवस्था

उचित नहीं पायी गयी तथा लेयर फार्म से दुर्गन्ध/मक्खियों के उत्पन्न होने से मौके पर पब्लिक न्यूसेंस की समस्या व्याप्त पायी गयी। निरीक्षण के समय आस–पास के क्षेत्र के लोग एकत्रित हो गये एवं उनके द्वारा लेयर फार्म को बन्द कराये जाने हेतु नारे बाजी की गयी तथा बन्द न कराये जाने की दशा में उनके द्वारा न्यायालय भी जाने को कहा गया। मौके पर एकत्रित भीड में उक्त लेयर फार्म के विरूद्ध अत्यन्त रोष व्याप्त पाया गया। उक्त लेयर पोल्ट्री फार्म इकाई के विरूद्ध आई0जी0आर0एस0 एवं विभिन्न माध्यमो से शिकायते प्राप्त है।

7. उक्त लेयर फार्म के विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 की धारा–152 (पब्लिक न्यूसेन्स) के अन्तर्गत उपजिलाधिकारी, तहसील–सफीपुर, उन्नाव के न्यायालय में मुकदमा संख्या टी202510690308948 विगत माह में दायर किया गया है जो विचाराधीन है।
8. निरीक्षण के समय लेयर फार्म में अण्डा देने वाली मुर्गियां को रखने हेतु 02 नग शेड क्षमता 15000/शेड स्थापित पायी गयी। उपस्थित प्रतिनिधि से पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 22000 अण्डा देने वाली मुर्गिया फार्म में है। निरीक्षण के समय उपस्थित प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि लेयर फार्म में 30000 लेयर मुर्गियो के रखने की क्षमता है।
9. प्रश्नगत लेयर फार्म इकाई स्थल से लगभग 150 मीटर की दूरी पर ग्राम रहीमाबाद की आबादी स्थित है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा पोल्ट्री फार्म इकाईयो के सम्बन्ध में जारी Environmental Guidelines for Poultry Farms बिन्दु संख्या–7 में निर्धारित साईटिंग क्राइटेरिया के अनुरूप लेयर फार्म का स्थल उपयुक्त नही है।
10. निरीक्षण के समय प्रश्नगत लेयर फार्म में 10, 30 एवं 40 के0वी0ए0 क्षमता का 03 नग डी0जी0 सेट स्थापित है। डी0जी0 सेट जनित पलू गैसों के उत्सर्जन हेतु चिमनी मानकों के अनुरूप स्थापित नही पायी गयी है।
11. केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी Environmental Guidelines for Poultry Farms के अन्तर्गत निर्धारित Gaseous emission (NH3 & H2S), Odour control Management of Solid wastes (Manure handling, Hatchery waste & Dead Waste disposal) नियन्त्रण/निस्तारित हेतु कोई वैज्ञानिक व्यवस्था लेयर फार्म में स्थापित नही पायी गयी।
12. निरीक्षण के समय लेयर फार्म के विभिन्न स्थलों के लिए गये फोटोग्राफ निम्नवत् है–



मृत मुर्गीयों को खुले में जलाते हुए।



मृत मुर्गीयों को खुले में जलाते हुए।



सॉलिड वेस्ट (मुर्गियों की बीट्स इत्यादि) को खुले में भण्डारित करते हुए



सॉलिड वेस्ट (मुर्गियों की बीट्स इत्यादि) को खुले में भण्डारित करते हुए



लेयर फार्मिंग में मक्खिया



कारण बताओ नोटिस की प्रति तामीला कराते हुए



लेयर फार्म में स्थापित डी0जी0 सेट



लेयर फार्म में स्थापित डी0जी0 सेट

उपरोक्त तथ्यों के दृष्टिगत प्रश्नगत लेयर फार्म इकाई को राज्य बोर्ड से वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (यथासंशोधित) की धारा 31 'ए' के अन्तर्गत जारी कारण बताओ नोटिस दिनांक 14.10.2025 की पुष्टि किये जाने की संस्तुति सहित निरीक्षण आख्या आपके अवलोकनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर प्रस्तुत।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार**

(बीरेन्द्र कुमार)
अवर अभियंता

(उपेन्द्र प्रसाद)
सहायक पर्यावरण अभियन्ता

क्षेत्रीय अधिकारी महोदय

Annexure R4/5

आदेश पत्रक

न्यायालय : उपजिलाधिकारी

मण्डल :लखनऊ,जनपद :उन्नाव,तहसील :सफीपुर

वाद संख्या :-8948/2025

कंम्प्यूटरीकृत वाद संख्या :-T202510690308948

सरकार बनाम अत्तन मियां उर्फ अंताउर्रहमाने सिददीकी, संचालक पोल्टी फार्म ग्राम रहीमाबाद

अंतर्गत धारा:- 152, अधिनियम :- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023

---

ग्राम– रहीमाबाद — थाना आसीवन जनपद उन्नाव

सरकार

बनाम

अत्तन मियां उर्फ अताउर्रहमान सिद्दीकी, संचालक पोल्ट्री फार्म ग्राम रहीमाबाद थाना आसीवन जनपद उन्नाव

<u>निर्णय</u>

प्रस्तुत वाद की कार्यवाही मुख्य पशु चिकित्साधिकारी/उप मुख्य चिकित्साधिकारी तहसील सफीपुर जनपद उन्नाव की आख्या दिनांक 11–09–2025 के आधार पर प्रारम्भ की गयी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी/उप मुख्य चिकित्साधिकारी तहसील सफीपुर जनपद उन्नाव ने अपनी आख्या में दर्शाया है कि पोल्ट्री फार्म के विरूद्व प्राप्त शिकायत में शिकायतकर्ताओं द्वारा उल्लेख किया गया है कि ग्राम रहीमाबाद तहसील सफीपुर थाना आसीवन जनपद उन्नाव के निवासी है, हमारे गांव में उन्नाव के निवासी अत्तन मियां ने एक बडा पोल्ट्री फार्म खोला है जिससे हमारे गांव व आस–पास के गांवों में मक्खियों का प्रकोप बहुत बढ़ गया है जिससे गांव में खाना पीना व सोना मुश्किल हो गया है और दुर्गन्ध विषैली हवा इत्यादि गंदगी के कारण विभिन्न बीमारियां उत्पन्न हो गया है जिससे गांव में काफी संख्या में लोग जान लेवा बीमारी से ग्रसित हो चुके है, प्रश्नगत पोल्ट्री फार्म एक लेयर फार्मिंग है निरीक्षण के समय पोल्ट्री फार्म में लगभग 28000 मुर्गिया पायी गयी, उक्त मुर्गियों से लगभग प्रतिदिन 25000 अण्डा उत्पादन होता है, निरीक्षण के समय लेयर फार्म से लगभग 180मी0 की दूरी पर ग्राम रहीमाबाद की आबादी स्थित पायी गयी, लेयर फार्म से जनित वेस्ट (मुर्गियों की बीट) को खुले में भण्डारित किये जाने से दुर्गन्ध उत्पन्न हो रही है तथा मक्खियां आदि जनित हो रही थी, लेयर फार्म में साफ सफाई की व्यवस्था उचित नहीं पायी गयी जिससे आस–पास ग्रामवासियों के स्वास्थ पर विपरीत प्रभाव पडना स्वभाविक है, निरीक्षण के समय मृत मुर्गियों के वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित करने से कोई व्यवस्था स्थापित नहीं पायी गयी, मृत मुर्गियों को खुले में डालने से दुर्गन्ध उत्पन्न हो रही थी जिससे आस–पास ग्रामवासियों के स्वास्थ पर विपरीत प्रभाव पडना स्वभाविक है, लेयर फार्म से जनित दुर्गन्ध के नियंत्रण तथा जनित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट हेतु कोई पर्याप्त व्यवस्था स्थापित नहीं पायी गयी, निरीक्षण के समय लेयर फार्म संचालक द्वारा किसी प्रकार के किसी विभाग से लाइसेन्स/अनुमति संबंधी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया जिससे स्पष्ट है कि लेयर फार्म की स्थापना से पूर्व या संचालन हेतु किसी भी विभाग से कोई एन0ओ0सी0/लाइसेंस नहीं प्राप्त किया गया है। निरीक्षण के समय उपस्थित ग्रामवासियों

उप जिला मजिस्ट्रेट सफीपुर जनपद–उन्नाव



Risque

File No. ...JPCB...WUHCCC/2348/2025-LAW-UPPCB (Computer No. 692932)

आदेश पत्रक

न्यायालय : उपजिलाधिकारी

मण्डल :लखनऊ,जनपद :उन्नाव,तहसील :सफीपुर

वाद संख्या :-8948/2025

कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या :-T202510690308948

सरकार बनाम अत्तन मियां उर्फ अताउर्रहमान सिद्दीकी, संचालक पोल्ट्री फार्म ग्राम रहीमाबाद

अंतर्गत धारा:- 152, अधिनियम :- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023

---2---

द्वारा गांव के पास स्थापित किये गये लेयर फार्म को बंद कराये जाने एवं ग्रामवासियों के स्वास्थ के ऊपर पड़ रहे विपरीत प्रभाव जैसे•दुर्गन्ध, मक्खियां आदि को तत्काल रोक लगाई जाये, ग्रामवासियों द्वारा लेयर फार्म के विरूद्ध हुए जोर तरीके से संगठित होकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था तथा पोल्ट्री लेयर फॉर्मिंग से दुर्गन्ध/मक्खियों के दृष्टिगत मौके पर पब्लिक न्यूसेन्स की समस्या पायी गयी, कुक्कुट नीति–2023 के अन्तर्गत निर्धारित पोल्ट्री फार्म/लेयर फार्म की स्थापना हेतु स्थल मानदण्डों को पूर्ण नहीं किया जा रहा है इसके अतिरिक्त केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जनवरी 2022 में पोल्ट्री फार्म के लिए गाइड लाइन जारी की गयी है, जारी गाइड लाइन के अनुसार पोल्ट्री फार्म की स्थापना आवासीय क्षेत्र से लगभग 500मी0 की दूरी पर होनी चाहिए, उक्त संदर्भित पोल्ट्री फार्म जारी गाइड लाइन एवं कुक्कुट नीति में प्राविधानित माप दण्डों के अनुसार स्थापित नहीं किया गया है, लेयर फार्म के समीप आबादी होने के कारण लेयर फार्म से जनित दुर्गन्ध एवं मक्खियों से ग्राम वासियों पर पड़ने वाले प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए लेयर फार्म के विरुद्ध भारतीय नागरिक दण्ड संहिता की धारा 152 (पब्लिक न्यूसेन्स) के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने के साथ–साथ कुक्कुट नीति–2023 के प्रावधानों के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने की संस्तुति सहित आख्या प्रेषित की गयी है। वाद दर्ज रजिस्टर किये जाने के उपरान्त दिनांक 18.09.2025 को सशर्त आदेश अन्तर्गत धारा–152(1) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 निर्गत किया गया तथा प्रतिवादी पक्ष को जन सामान्य के हित में उपरोक्त मुर्गियों की बीट खुले में भण्डारित करना बन्द करने जिससे मक्खियां आदि जनित न हो तथा मृत मुर्गियों को खुले में न डाला जाये तथा लेयर फार्म में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया तथा दिनांक 25.09.2025 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करने हेतु निर्देशित किया गया। दिनांक 25.09.2025 को ग्राम प्रधान व प्रतिवादी अत्तन मियां जरिये अधिवक्ता उपस्थित आये तथा प्रतिवादी अत्तन मियां की ओर से जवाब दाखिल करने हेतु अवसर प्रदान करने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया तथा ग्राम प्रधान द्वारा नवरात्रि के दृष्टिगत साफ सफाई कराये जाने की मांग किये जाने पर प्रतिवादी अत्तन मियां को साफ सफाई इत्यादि के दृष्टिगत कृत कार्यवाही व जवाब हेतु अगली तिथि 06.10.2025 नियत की गयी। दिनांक 06.10.2025 को प्रतिवादी की ओर से जवाब प्रस्तुत किया गया तथा पत्रावली वास्ते जवाब संतोष कुमार व सुनवाई हेतु नियत की गयी। दिनांक 06.10.2025 को संतोष कुमार ग्राम प्रधान रहीमाबाद की ओर से प्रतिवादी के जवाब दिनांकित 06.10.2025 के

255

आदेश पत्रक

न्यायालय : उपजिलाधिकारी

मण्डल :लखनऊ,जनपद :उन्नाव,तहसील :सफीपुर

वाद संख्या :-8948/2025

कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या :-T202510690308948

सरकार बनाम अत्तन मियां उर्फ अताउर्रहमान सिद्दीकी, संचालक पोल्ट्री फार्म ग्राम रहीमाबाद

अंतर्गत धारा:- 152, अधिनियम :- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023

---

---3---

विरूद्व आपत्ति प्रस्तुत की गयी तथा प्रतिवादी अत्तन मियां की ओर से साक्ष्य में पेन ड्राइव प्रस्तुत की गयी तथा प्रकरण से सम्बन्धित अवर अभियन्ता, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रक अधिकारी व उप पशु चिकित्साधिकारी सफीपुर जनपद उन्नाव की निरीक्षण आख्या दिनांकित 03.10.2025 पत्रावली पर संलग्न की गयी तथा पत्रावली वास्ते जवाब निरीक्षण आंख्या दिनांकित 03.10.2025 व सुनवाई हेतु नियत की गयी।

मैने उभय पक्षों के विद्वान अधिवक्ता को सुना एवं वाद पत्रावली का विधिवत् परिशलीन किया। प्रतिवादी अत्तन मियां उर्फ अताउर्रहमान के अधिवक्ता का कथन है कि प्रतिवादी का अपनी संक्रमणीय भूमिधरी नम्बर 431 रकबा 1.908है0 स्थित ग्राम रहीमाबाद में पोल्ट्री फार्म कई वर्षो पूर्व से आबादी से 500 मीटर से अधिक दूरी पर संचालित है, मुख्य चिकित्साधिकारी उन्नाव ने जिलाधिकारी उन्नाव को अपनी रिर्पोट दिनांक 19.10.2024 को प्रस्तुत पत्रांक संख्या 1197/आई0जी0आर0एस0 2024-25 दिनांक 19.10.2024 को प्रस्तुत की जा चुकी है जिसमें निर्देश जारी कर एन0ओ0सी0 दी गयी थी, प्रतिवादी द्वारा पोल्ट्री किसानों की फार्मिंग को जिला पंचायत द्वारा लाइसेन्स टैक्स व नक्शा के संबंध में शासनादेश संख्या 2607/332-2023 दिनांक 20.11.2023 पंचायती राज अनुभाग-2 में उल्लेख किया गया है पोल्ट्री फार्मिंग में जिला पंचायतों द्वारा लाइसेन्स, टैक्स व नक्शा स्वीकृत कराने की आवश्यकता नहीं है पर व्यवसाय कृषि का एक अंग है, जिला पंचायतों में इन प्रयोजनों में लगे कृषिकों से इस विषय में कोर्ट नोटिस नहीं देगा और न कोई टैक्स वसूलेगा, पोल्ट्री फार्म में मुर्गियों के बीट को खाद बनाने/व्यवसाय करने वाले लोग व किसान अपने खोते के उपजाऊ के लिए प्रतिदिन बीट उठाते है लिहाजा लगाये गये आरोप बीट का भन्डारण के संबंध में गलत एवं निराधार है, अगर बीट का भन्डारण किया जायेगा तो मुर्गियों की बीमारी का प्रकोप ज्यादा रहता है इसलिए मुर्गियों के बीट का भन्डारण नहीं होता है, किसी कारण वश मुर्गियों के मार जाने के पश्चात् उनको हीटिंग मशीन द्वारा नष्ट कर दिया जाता है जिससे कोई बीमारी और मुर्गियो को क्षति न पहुचे इसलिए लगाये गये आरोप गलत एवं निराधार है, पोल्ट्री फार्मिंग में व उसके आस पास क्षेत्रों में प्रतिदिन पशु चिकित्साधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में दवाओ का छिडकांव किया जाता रहता है जिसकी प्रतिदिन दवाओ का एक रजिस्टर है और लगे हुए सी0सी0 कैमरो जो पोल्ट्री फार्म में लगे है देखा जा सकता है, हीटिंग मशीन की फोटो जवाब के साथ संलग्न की गयी है, पोल्ट्री फार्म का व्यवसाय बहुत ही साफ सफाई रखने का होता है चूंकि कोई इन्फेक्शन न हो सके इसलिए बाहरी व्यक्तियों के लिए पोल्ट्री फार्म में आना सख्त मना है परन्तु शासन की नीति के खिलाफ/दिशा निर्देश के

296

उप जिला मजिस्ट्रेट, सफीपुर, उन्नाव

आदेश पत्रक

न्यायालय : उपजिलाधिकारी

मण्डल :लखनऊ,जनपद :उन्नाव,तहसील :सफीपुर

वाद संख्या :-8948/2025

कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या :-T202310690308948

सरकार बनाम अस्लम मियां उर्फ अताउर्रहमान सिद्दीकी, संचालक पोल्ट्री फार्म ग्राम रहीमाबाद

अंतर्गत धारा:-152, अधिनियम :- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023

---4---

खिलाफ आये दिन प्रधान अपने दस बीस साथियो को लेकर पोल्ट्री फार्म में घुस आते है और उधमबाजी करते है जिससे पोल्ट्री फार्म के कर्मचारी व मुर्गियो के बच्चो को क्षति पहुंचती है इन्फेक्सन का खतरा बढ जाता है, संचालित हो रहे पोल्ट्री फार्म में डाक्टरों की उपस्थिति में दवाओं का छिडकाव किया जाता है, इसी से सम्बंधित प्रतिवादी ने एक रिट याचिका संख्या 9611/2025 एम/एस मलिगाइन लेयर फर्म अताउर्रहमान बनाम उत्तर प्रदेश आदि मा0 उच्च न्यायालय लखनऊ 1905 बी0 लखनऊ में विचाराधीन है, उपरोक्त वाद में दी गयी नोटिस गलत निराधार मानकर वापस ली जाये अथवा मा0 उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका के निस्तारण तक प्रस्तुत वाद स्थापित किया जाये।

ग्राम प्रधान संतोष कुमार के अधिवक्ता का कथन है कि प्रतिवादी का पोल्ट्री फार्म ग्राम रहीमाबाद में संचालित है जिसकी आबादी से दूरी 180 मीटर है जो कि मानक विहीन है तथा केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड द्वारा जनवरी 2022 में पोल्ट्री फार्म के लिए गाइड लाइन जारी की गयी है, जारी गाइड लाइन के अनुसार पोल्ट्री फार्म की स्थापना आवासीय क्षेत्र से लगभग 500 मीटर की दूरी पर होनी चाहिये, उक्त संदर्भित पोल्ट्री फार्म जारी गाइड लाइन एवं कुक्कुट नीति के प्राविधानित मापदण्डों के अनुसार स्थापित नहीं किया गया है इसलिए पोल्ट्री फार्म जनहित में बन्द कराये जाने योग्य है, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सफीपुर द्वारा दिनांक 02.09.2025 को संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया गया है जिसमें उक्त पोल्ट्री फार्म के संचालन में कई कमियां पाई गयी है जिसमें पोल्ट्री फार्म से आबादी की दूरी 180 मीटर पाई गयी है जो मानक विहीन है तथा निरीक्षण के समय मृत मुर्गियो के वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित करने की कोई व्यवस्था नहीं पाई गयी जिससे उक्त मुर्गियो को खुले में डालने से दुर्गन्ध उत्पन्न हो रही है जिससे ग्रामवासियों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड रहा है तथा निरीक्षण के समय लेयर फार्म से जनित दुर्गन्ध के नियन्त्रण तथा जनित सालिड वेस्ट मैनेजमेन्ट हेतु कोई पर्याप्त व्यवस्था नहीं पाई गयी जिससे स्पष्ट है कि पोल्ट्री फार्म मानक विहीन है जिसे जनहित में बन्द किया जाना अति आवश्यक है, निरीक्षण में पोल्ट्री फार्म संचालक द्वारा किसी प्रकार के किसी विभाग के लाइसेन्स/अनुमति, सम्बन्धित दस्तावेज नहीं दिखाये गये है जिससे स्पष्ट है कि उक्त पोल्ट्री फार्म बिना किसी एन0ओ0सी0 या लाइसेन्स के चल रहा है, उक्त पोल्ट्री फार्म की बीट की सफाई नहीं की जा रही है जिससे दुर्गन्ध के कारण ग्रामवासी परेशान है गंदगी के कारण ग्रामवासियों में कई प्रकार के रोग फैल रहे है जिस कारण से उक्त पोल्ट्री फार्म को बन्द करवाया जाना अति

197

आदेश पत्रक

न्यायालय : उपजिलाधिकारी
मण्डल :लखनऊ,जनपद :उन्नाव,तहसील :सफीपुर
वाद संख्या :-8948/2025
कंप्यूटरीकृत वाद संख्या :-T202510690308948
सरकार बनाम अत्तन मियां उर्फ अताउर्रहमान सिद्दीकी, संचालक पोल्ट्री फार्म ग्राम रहीमाबाद
अंतर्गत धारा:- 152, अधिनियम :- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023

---

—6—

आवश्यक है, उक्त पोल्ट्री फार्म में मृत मुर्गियों को नष्ट करने के लिए कोई हीटिंग मशीन का प्रयोग नहीं किया जा रहा है, मुर्गियों के सडने से कई प्रकार की घातक बीमारियों के फैलने का डर है एवं मक्खियों के प्रकोप से विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों में रोग फैलने का अत्यधिक खतरा है एवं बच्चों की मानसिक स्थित पर गलत असर पड रहा है इसलिए उक्त पोल्ट्री फार्म का संचालन तुरन्त बन्द कराया जाना अति आवश्यक है, मृत मुर्गियों को रडले में जलाया जाता है व पास के तालाब में फेंक दिया जाता है, उक्त पोल्ट्री फार्म में पशु चिकित्साधिकारी के दिये गये निर्देशों के अनुपालन में कभी कोई दवा का छिड़काव नहीं किया गया है जिसे पशु चिकित्साधिकारी द्वारा दी गयी अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि निरीक्षण में कोई भी हीटिंग मशीन नहीं पायी गयी, उक्त पोल्ट्री फ़ार्म संचालक द्वारा ग्राम प्रधान के विरूद्व गलत आरोप लगाया गया है जिसकी सत्यतता की जॉच सी0सी0टी0वी0 कैमरा से की जा सकती है, ग्रामवासियों की शिकायत पर ग्राम पंचायत की बैठक में प्रस्ताव भी पारित किया गया है कि उक्त पोल्ट्री फार्म से ग्रामवासियों के स्वास्थ्य एवं बच्चों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है इसलिए उक्त पोल्ट्री फार्म को बन्द कराया जाये, इस बात को लेकर ही पोल्ट्री फ़ार्म संचालक द्वारा ग्राम प्रधान पर झूठे निराधार आरोप लगाये जा रहे है, लेयर फार्म के समीप आबादी होने के कारण लेयर फार्म से जनित दुर्गन्ध एवं मक्खियों से ग्रामवासियों एवं बच्चों पर पड़ने वाले प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए लेयर फार्म के विरूद्व भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 152 (पब्लिक न्यूसेन्स) के अन्तर्गत कार्यवाही करने के साथ कुक्कुट नीति 2013 के प्रावधानों के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने के साथ साथ उक्त पोल्ट्री फ़ार्म बन्द किये जाने का आदेश पारित किया जाये।

निरीक्षण आख्या दिनांकित 11.09.2025 में उल्लिखित है कि–

1– पोल्ट्री फार्म के विरूद्ध प्राप्त शिकायत में शिकायतकर्ताओं द्वारा उल्लेख किया गया है कि ग्राम-रहीमाबाद तहसील-सफीपुर थाना आसीवन जनपद-उन्नाव के निवासी है। हमारे गांव में उन्नाव के निवासी अत्तन मिया ने एक बड़ा पोल्ट्री फार्म खोला है जिससे हमारे गांव व आस-पास के गांवों की मक्खियों का प्रकोप बहुत बढ गया है जिससे गांव में खाना पीना व सोना मुश्किल हो गया है और दुर्गन्ध विषैली हवा इत्यादि गंदगी के कारण विभिन्न बीमारियां उत्पन्न हो गयी है जिससे गांव में काफी संख्या में लोग जान लेवा बीमारी से ग्रसित हो चुके है।

उप जिला मजिस्ट्रेट सफीपुर जनपद-उन्नाव





File No. UPPCB-LAW0HCCC/2348/2025-LAW-UPPCB (Computer No. 692932)
Generated from eOffice by SURYA BHAN RAM, JA(SBR)-CS-UPPCB, JUNIOR ASSISTANT, UTTAR PRADESH POLLUTION CONTROL BOARD on

आदेश पत्रक

न्यायालय : उपजिलाधिकारी

मण्डल :लखनऊ,जनपद :उन्नाव,तहसील :सफीपुर

वाद संख्या :-8948/2025

कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या :-T202510690308948

सरकार बनाम अस्तान मियाँ उर्फ अताउर्रहमान सिद्दीकी, संचालक पोल्ट्री फार्म ग्राम रहीमाबाद

अंतर्गत धारा:- 152, अधिनियम :- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023

---

—8—

2– प्रश्नगत पोल्ट्री फार्म एक लेयर फार्मिंग है निरीक्षण के समय पोल्ट्री फार्म में लगभग 28000 मुर्गियां पायी गयी उक्त्त मुर्गियों से लगभग प्रतिदिन 25000 अण्डा उत्पादन होता है।

3– निरीक्षण के समय लेयर फार्म से लगभग 180 मी० की दूरी पर ग्राम-रहीमाबाद की आबादी स्थित पायी गयी। निरीक्षण के समय लेयर फार्म से जनित वेस्ट (मुर्गियों के के बीट) को खुले में भण्डारित किये जाने से दुर्गन्ध उत्पन्न हो रही थी तथा मक्खियां आदि जनित हो रही थी। लेयर फार्म में साफ सफाई की व्यवस्था उचित नही पायी गयी। जिससे आस-पास ग्राम वासियों के स्वास्थ पर विपरीत प्रभाव पडना स्वाभाविक है।

4– निरीक्षण के समय मृत मुर्गियों के वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित करने से कोई व्यवस्था स्थापित नहीं पायी गयी। मृत मुर्गियों को खुले में डालने से दुर्गन्ध उत्पन्न हो रही थी। जिससे आस-पास ग्राम वासियों के स्वास्थ पर विपरीत प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है।

5– निरीक्षण के समय लेयर फार्म से जनित दुर्गन्ध के नियंत्रण तथा जनित सॉलिड वेस्ट मनेजमेन्ट हेतु कोई पर्याप्त व्यवस्था स्थापित नहीं पायी गयी।

6– निरीक्षण के समय लेयर फार्म संचालक द्वारा किसी प्रकार के किसी विभाग से लाइसेंस/अनुमति संबंधी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया जिससे स्पष्ट है की लेयर फार्म की स्थापना से पूर्व या संचालन हेतु किसी भी विभाग से कोई एन०ओ०सी०/ लाइसेंस नहीं प्राप्त किया गया है।

7– निरीक्षण के समय उपस्थित ग्राम वासियों द्वारा गांव के पास स्थापित किये गये लेयर फार्म को बंद कराये जाने एवं ग्राम वासियों के स्वास्थ के ऊपर पड़ रहे विपरीत प्रभाव जैसे दुर्गन्ध, मक्खियां आदि का तत्काल रोक लगाई जाये। निरीक्षण के समय लेयर फार्म के विरूद्ध ग्राम वासियों द्वारा हर और तरीके से संगठित होकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था तथा पोल्ट्री लेयर फॉर्मिंग से दुर्गन्ध/ मक्खियों के दृष्टिगत मौके पर पब्लिक न्यूसेन्स की समस्या पायी गयी।

8– कुक्कुट नीति-2013 के अन्तर्गत निर्धारित पोल्ट्री फार्म / लेयर फार्म की स्थापना हेतु स्थल मापदण्डों को पूर्ण नहीं किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जनवरी 2022 में पोल्ट्री फार्म के लिए गाइड लाइन जारी की गयी है। जारी गाइड लाइन के अनुसार पोल्ट्री फार्म की स्थापना आवासीय क्षेत्र से लगभग 500मी० की दूरी पर होनी चाहिए उक्त संदर्भित पोल्ट्री फार्म, जारी गाइड लाइन एवं कुक्कुट नीति में प्राविधानित माप दण्डों के अनुसार स्थापित नहीं किया गया है।

299

आदेश पत्रक

न्यायालय : उपजिलाधिकारी
मण्डल :लखनऊ,जनपद :उन्नाव,तहसील :सफीपुर
वाद संख्या :-8948/2025
कंप्यूटरीकृत वाद संख्या :-T202510690308948
सरकार बनाम अत्तन मियां उर्फ अताउर्रहमान सिद्दीकी, संचालक पोल्ट्री फार्म ग्राम रहीमाबाद
अंतर्गत धारा:- 152, अधिनियम :- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023

—7—

उपरोक्तानुसार लेयर फार्म के समीप आवादी होने के कारण लेयर फार्म से जनित दुर्गन्ध एवं मक्खियों से ग्राम वासियों पर पड़ने वाले प्रभाव को दृष्टिगत रखते करते हुए लेयर फार्म के विरूद्ध भारतीय नागरिक दण्ड संहिता की धारा 152 (पब्लिक न्यूसेन्स) के अन्तर्गत कार्यवाही किये किये जाने के साथ-साथ कुक्कट नीति-2013 के प्रावधानों के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने की संस्तुति सहित निरीक्षण आख्या प्रेषित की गयी है।

उक्त के अतिरिक्त निरीक्षण आख्या दिनांकित 03.10.2025 में उल्लिखित है कि–

1– निरीक्षण के समय पाया गया कि उक्त शिकायती पोल्ट्री फार्म/लेयर फार्म में तथा पोल्ट्री फार्म/लेयर फार्म के आस पास मक्खियो का प्रकोप अभी वैसा ही है जैसा पूर्व निरीक्षण 1 .09.2025 को पाया गया था।

2– प्रश्नगत पोल्ट्री फार्म एक लेयर फॉर्मिंग है। निरीक्षण के समय पोल्ट्री फार्म / डेयर फार्म में 28000 मुर्गिया पायी गयी। उक्त मुर्गियों से लगभग 25000 अण्डा उत्पादन किया जाता है।

3– प्रश्नगत पोल्ट्री फार्म/लेयर फार्म से ग्राम रहिमाबाद की दूरी लगभग 180 मीटर है निरीक्षण के समय मुर्गियों की बीट के निस्तारण की कोई व्यवस्था नही पायी गयी। जनित वैस्ट (मुर्गियों की बीट) को खुले में भण्डारित होता पाया गया जिससे मक्खियां पर्याप्त मात्रा में पायी गयी।

4– पोल्ट्री फार्म/लेयर फार्म से जनित दुर्गन्ध के नियन्त्रण के लिए कोई व्यवस्था नहीं पायी गयी।

5– निरीक्षण के समय उपस्थित प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि मक्खियां में कमी लाने के लिए साइपर मैथरीन दवा का छिड़काव किया जाता है।

6– निरीक्षण के समय मृत मुर्गियां खुले में पायी गयी जिससे दुर्गन्ध तथा मक्खियों होने की सम्भावना है।

7– कुक्कट नीति 2013 के अन्तर्गत निर्धारित पोल्ट्री फार्म/लेयर फार्म की स्थापना हेतु स्थल मापदण्ड को पूर्ण नही किया जा रहा है।

8– प्रश्नगत पोल्ट्री फार्म/लेयर फार्म द्वारा वर्तमान में सालिड वेस्ट जनित के निस्तारण की समस्या पुर्वानुसार किये गये निरीक्षण के अनुसार ही है। पोल्ट्री फार्म/लेयर फार्म के संचालन द्वारा समस्या के समाधान हेतु कोई व्यवस्था नहीं की गयी है।

उप जिला मजिस्ट्रेट सफीपुर जनपद–उन्नाव

300

FOR JAI

आदेश पत्रक

न्यायालय : उपजिलाधिकारी
मण्डल :लखनऊ,जनपद :उन्नाव,तहसील :सफीपुर
वाद संख्या :-8948/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या :-T202510690308948
सरकार बनाम अत्तन मियां उर्फ अताउर्रहमान सिद्दीकी, संचालक पोल्ट्री फार्म ग्राम रहीमाबाद
अंतर्गत धारा:-152, अधिनियम :- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023

---

—8—

9– निरीक्षण के समय उपस्थित ग्राम वासियो द्वारा ग्राम के पास संचालित पोल्ट्री फार्म/लेयर फार्म को बन्द किये जाने तथा ग्राम वासियो के स्वास्थ्य के ऊपर पड रहे विपरीत प्रभाव जैस दुर्गन्ध मक्खियाँ आदि को तत्काल रोक लगाये जाने का विरोध किया जाता पाया गया।

10– उपरोक्त के क्रम में पूर्व में दिनांक 01.09.2025 व 03.09.0225 को प्राप्त शिकायत के सम्बन्ध में संयुक्त रूप से प्रकरण की जांच आख्या दिनांक 11.09.2025 के आधार पर उपजिलाधिकारी, सफीपुर जनपद-उन्नाव में वाद संख्या टी202510690308948 के अन्तर्गत धारा 152 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 सरकार बनाम अत्तन मियां उर्फ अताउर्रहमान सिद्दीकी, संचालक पोल्ट्री फार्म / लेयर फार्म ग्राम रहीमाबाद के विरुद्ध जारी की गयी थी।

11– उपजिलाधिकारी, सफीपुर जनपद-उन्नाव द्वारा पुनः पत्र संख्या 694/अह० फौज०/संयुक्त जांच-पोल्ट्री फार्म / 2025 दिनांक 29.09.2025 को पुनः क्षेत्रीय अधिकारी, उ०प्र० प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, उन्नाव व उप मुख्यपशुचिकित्साधिकारी, सफीपुर को पुनः जांच करने हेतु पत्र जारी किया गया उपरोक्त के कम में पोल्ट्री फार्म/लेयर फार्म रहीमाबाद में दिनांक 03.10.2025 को संयुक्त रूप से की गयी जांच में पाया गया की के माध्यम से न्यायालय उपजिलाधिकारी, सफीपुर जनपद-उन्नाव द्वारा धारा 152 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 का नोटिस जारी किये जाने के उपरान्त पोल्ट्री फार्म/लेयर फार्म संचालक द्वारा तद्‌दिनांक 03.10.2025 तक कोई भी सुधार नही किया गया है पोल्ट्री फार्म/लेयर फार्म की स्थिति पूर्व निरीक्षण दिनांक 11.09.2025 की ही भाँति है।

कुक्कुट नीति 2013 के प्राविधानों के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने की संस्तुति सहित निरीक्षण आख्या प्रेषित की गयी है।

उपरोक्त विवेचना व प्रस्तुत स्थलीय निरीक्षण आख्या के परिशीलन के आधार पर निम्नलिखित तथ्य परिलक्षित होते है:–

1. ग्राम रहीमाबाद में प्रश्नगत पोल्ट्री फार्म ग्राम रहीमाबाद की आबादी से 180 मीटर की दूरी पर स्थित है जब कि गाइड लाइन के अनुसार पोल्ट्री फार्म की स्थापना आवासीय क्षेत्र से लगभग 500 मीटर की दूरी पर होना चाहिये।
2. प्रश्नगत पोल्ट्री फार्म एक लेयर फार्मिंग है, उक्त पोल्ट्री फार्म में लगभग 28000 मुर्गिया पायी गयी और उक्त मुर्गियों से लगभग 26000 अण्डा प्रतिदिन उत्पादन होता है।

301



File No. UPPCB-LKW/HCCC/23-3/2025-LAW-UPPCB (Computer No. ...)
Generated from eOffice by SHYAM BIHARI RAM, JA(SBR)-PCB-UPPCB, JUNIOR ASSISTANT, UTTAR PRADESH POLLUTION CONTROL BOARD on ...

आदेश पत्रक

न्यायालय : उपजिलाधिकारी

मण्डल :लखनऊ,जनपद :उन्नाव,तहसील :सफीपुर

वाद संख्या :-8948/2025

कंम्प्यूटरीकृत वाद संख्या :-T202510690308948

सरकार बनाम अत्तन मियाँ उर्फ अताउर्रहमान सिद्दीकी, संचालक पोल्ट्री फार्म ग्राम रहीमाबाद

अंतर्गत धारा:- 152, अधिनियम :- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023

---

—9—

3. लेयर फार्म से जनित वेस्ट (मुर्गियों के बीट) को खुले में भण्डारित किये जाने से दुर्गन्ध उत्पन्न हो रही है तथा मक्खियां आदि जनित हो रही है।
4. लेयर फार्म में साफ सफाई की उचित व्यवस्था न होने के कारण आस पास ग्रामवासियों के स्वास्थ पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।
5. मृत मुर्गियों के वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित करने की कोई व्यवस्था स्थापित नहीं की गयी जिससे मृत मुर्गियों को खुले में डाला जा रहा है जिस कारण से दुर्गन्ध उत्पन्न हो रही है जिससे आस पास ग्रामवासियों के स्वास्थ पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।
6. लेयर फार्म से जनित दुर्गन्ध के नियन्त्रण तथा जनित सॉलिड वेस्ट मेनेजमेन्ट हेतु पोल्ट्री फार्म संचालक द्वारा कोई पर्याप्त व्यवस्था स्थापित नहीं की गयी।
7. पोल्ट्री फार्म संचालक द्वारा कुक्कुट नीति–2013 के अन्तर्गत निर्धारित पोल्ट्री फार्म/लेयर फार्म की स्थापना हेतु स्थल मापदण्डों को पूर्ण नहीं किया जा रहा है और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जनवरी 2022 में जारी गाइड लाइन का पालन नहीं किया जा रहा है।
8. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अन्तर्गत वाद योजित होने के उपरान्त प्रतिवादी को नोटिस जारी/तामीला होने के बाद भी उपरोक्त समस्याओं/कमियों के निवारण हेतु पोल्ट्री फार्म संचालक द्वारा कोई पर्याप्त सुधार अमल में नहीं लाया गया, जो कि प्रस्तुत निरीक्षण आख्या दिनांकित 03.10.2025 से स्पष्ट रूप से परिलक्षित है।
9. पोल्ट्री फार्म संचालक द्वारा समस्या के समाधान हेतु कोई ठोस उपचार न किये जाने के कारण ग्रामवासियों में निरन्तर रोष व्याप्त है तथा ग्रामवासियों द्वारा संगठित रूप से उक्त पोल्ट्री फार्म के विरूद्व विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है तथा पोल्ट्री फार्म को बन्द कराये जाने की मांग की जा रही है।
10. ग्राम पंचायत की बैठक में उक्त पोल्ट्री फार्म के विरूद्व प्रस्ताव पारित होने के बाद भी पोल्ट्री फार्म संचालक द्वारा ग्रामवासियों व बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति घोर लापरवाही बरती जा रही है जिससे ग्रामवासियों में उक्त पोल्ट्री फार्म बन्द कराये जाने हेतु काफी रोष व्याप्त है।

उपरोक्त से परिलक्षित है कि ग्राम रहीमाबाद में प्रश्नगत पोल्ट्री फार्म ग्राम रहीमाबाद की आबादी के निकट (निर्धारित मानक से दूर न होने) होने के कारण तथा पोल्ट्री फार्म संचालक द्वारा मुख्य रूप से लेयर फार्म



File No. UPPCB-LAW0HCCC/2348/2025-LAW-UPPCB (Computer No. 692932)

आदेश पत्रक

न्यायालय : उपजिलाधिकारी

मण्डल :लखनऊ,जनपद :उन्नाव,तहसील :सफीपुर

वाद संख्या :-8948/2025

कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या :-T202510690308948

सरकार बनाम अख्तर मियाँ उर्फ अताउर्रहमान सिद्दीकी, संचालक पोल्ट्री फार्म ग्राम रहीमाबाद

अंतर्गत धारा:- 152, अधिनियम :- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023

---

—10—

से जनित वेस्ट (मुर्गियों की बीट) को खुले में भण्डारित करने व मृत मुर्गियों को खुले में डालने व नियमित साफ सफाई व दवा छिड़काव न कराये जाने से दुर्गन्ध उत्पन्न हो रही है तथा अत्यधिक संख्या में मक्खियां आदि जनित हो रही है जिससे ग्रामवासियों व बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है तथा ग्रामवासियों का दैनिक जनजीवन प्रतिकूल रूप से प्रभावित हो रहा है। पोल्ट्री फार्म संचालक द्वारा कुक्कुट नीति–2013 के अन्तर्गत निर्धारित मापदण्डों व केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जनवरी 2022 में जारी गाइड लाइन का पालन न किये जाने तथा समस्या के संज्ञान में आने के उपरान्त भी उपरोक्त समस्या के समाधान हेतु पर्याप्त व्यवस्था व कार्यवाही न किये जाने से ग्रामवासियों द्वारा उक्त पोल्ट्री फार्म को बन्द कराये जाने की मांग प्रबल है। पोल्ट्री फार्म संचालक द्वारा न्यायालय में बहस दौरान स्वयं बताया गया कि पोल्ट्री फार्म में 15000, 15000 की क्षमता के 02 शेड है। जिसके आधार पर भी पोल्ट्री फार्म में 30000 मुर्गियों को रखने की व्यवस्था की गयी है तथा निरीक्षण आख्या में भी 28000 मुर्गियों के होने की बात कही गयी है। Enviromental Guidelines for Poultry Farms में उल्लिखित है कि "Poultry Farms handling birds above 25,000 at single location will have to obtain consent to establish (CTE) and consent for operate (CTO) under the Water Act, 1974 & Air Act 1981 from State Pollution Control Board/Pollution Control Committee." पोल्ट्री फार्म संचालक द्वारा अपने पोल्ट्री फार्म में 25000 की क्षमता से अधिक मुर्गियाँ रखी जा रही है और उपरोक्त निर्देशों के क्रम में पोल्ट्री फार्म संचालक द्वारा 25000 से अधिक मुर्गियों रखने पर उपरोक्त विभागों से सम्बन्धित एन0ओ0सी0/सार्टिफिकेट भी प्राप्त नहीं किया गया है। जिसके आधार पर भी पोल्ट्री फार्म का संचालन नियम अनुरूप नहीं हो रहा है।

पोल्ट्री फार्म संचालक द्वारा मृत मुर्गियों को खुले में डाल देने से पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 का अक्षरशः पालन नहीं किया जा रहा है जिससे विदित होता है कि पोल्ट्री फार्म संचालक द्वारा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 में उल्लिखित प्राविधानों के अनुरूप कार्य न करते हुये पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के प्राविधानों का उल्लंघन करते हुये पोल्ट्री फार्म संचालन किया जा रहा है।

पोल्ट्री फार्म संचालक को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 152(1) के तहत नोटिस दिये जाने के बाद भी कोई अपेक्षित सुधार नहीं किया गया है। प्रकरण में न्यायालय में भारतीय नागरिक सुरक्षा

363

आदेश पत्रक

न्यायालय : उपजिलाधिकारी
मण्डल :लखनऊ,जनपद :उन्नाव,तहसील :सफीपुर
वाद संख्या :-8948/2025
कंप्यूटरीकृत वाद संख्या :-T202510690308948
सरकार बनाम अत्तन मियां उर्फ अताउर्रहमान सिद्दीकी, संचालक पोल्ट्री फार्म ग्राम रहीमाबाद
अंतर्गत धारा:- 152, अधिनियम :- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023

--11--

संहिता 2023 की धारा 154 (ख) के क्रम में वर्चुअल सुनवाई व कोर्ट में पक्षकारों की हाजिरी में भी सुनवाई की गयी तथा वर्चुअल सुनवाई में पुनः कोई सुधार न किया जाना व गन्दगी होना पाया गया तथा न्यायालय में हाजिर ग्रामवासियों द्वारा कोई सुधार न किये जाने व समस्या तस की जस बनी रहने व पोल्ट्री फार्म बन्द कराये जाने की बात कही गयी। यद्यपि पोल्ट्री फार्म/लेयर फार्मिंग को प्रोत्साहित करना भी आवश्यक है परन्तु उक्त कारकों में स्थानीय निवासियों का स्वास्थ्य व जीवन जीने की मौलिक आवश्यकता यथा स्वच्छ वातावरण व दुर्गन्ध तथा मक्खी रहित परिवेश भी आधुनिक मानव समाज का महती व अत्यन्त मूलभूत अधिकार है तथा स्वस्थ मानव जीवन की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा–152(1)(ख) में उल्लिखित है कि "किसी व्यापार या उपजीविका को चलाना या किसी माल या पण्य वस्तु को रखना समाज के स्वास्थ्य या शारीरिक सुख के लिए हानिकारक है और परिणामतः ऐसा व्यापार या उपजीविका प्रतिषिद्ध या विनियमित की जानी चाहिए या ऐसा माल या पण्य वस्तु हटा दी जानी चाहिए या उसको रखना विनियमित किया जाना चाहिए"। ऐसी स्थिति में पोल्ट्री फार्म संचालक को ग्रामवासियों के स्वास्थ्य व दैनिक जनजीवन में आ रही कठिनाईयों के दृष्टिगत उपरोक्त कमियों के ठोस सुधार तथा कुक्कुट नीति–2013 में उल्लिखित मापदण्डों के अनुरूप व केन्द्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड की जनवरी 2022 की गाइड लाइन के अनुरूप कार्यवाही कर समस्या का समाधान किये जाने हेतु व सम्बन्धित विभाग से एन0ओ0सी0 प्राप्त करने हेतु समय दिया जाना उचित है। यदि प्रश्नगत पोल्ट्री फार्म संचालक द्वारा उक्त का अनुपालन नियत समय सीमा में नहीं किया जाता है तो प्रभारी निरीक्षक थाना आसीवन व तहसीलदार सफीपुर की सुपुर्दगी में दिया जाना जनहित में आवश्यक व न्यायसंगत है। अतएव न्यायालय द्वारा जारी सशर्त आदेश दिनांक 18–09–2025 को अन्तिम आदेश में परिवर्तित किया जाना आवश्यक है। अतः आदेश हुआ कि

## आदेश

प्रतिवादी पक्ष अत्तन मियां उर्फ अताउर्रहमान सिद्दीकी, संचालक पोल्ट्री फार्म ग्राम रहीमाबाद को आदेशित किया जाता है कि प्रश्नगत पोल्ट्री फार्म के कारण ग्राम रहीमाबाद के निवासियों के स्वास्थ्य व दैनिक जनजीवन में आ रही कठिनाईयों के दृष्टिगत उपरोक्त पोल्ट्री फार्म में व्यवसायिक गतिविधि तत्काल प्रभाव से बन्द कर दें तथा उपरोक्त कमियों के ठोस सुधार तथा कुक्कुट नीति–2013 में उल्लिखित मापदण्डों के अनुरूप व केन्द्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड की जनवरी 2022 की गाइड लाइन के अनुरूप कार्यवाही कर समस्या का

आदेश पत्रक

न्यायालय : उपजिलाधिकारी

मण्डल :लखनऊ,जनपद :उन्नाव,तहसील :सफीपुर

वाद संख्या :-8948/2025

कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या :-T202510690308948

सरकार बनाम अस्लम मियां उर्फ अताउर्रहमान सिद्दीकी, संचालक पोल्ट्री फार्म ग्राम रहीमाबाद

अंतर्गत धारा:- 152, अधिनियम :- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023

---

---12---

समाधान करने व एन0ओ0सी0 सम्बन्धित विभाग से प्राप्त किये जाने/किये जाने की प्रक्रिया हेतु पन्द्रह दिन का समय दिया जाता है। यदि प्रश्नगत पोल्ट्री फार्म संचालक द्वारा उक्त का अनुपालन नियत समय सीमा में नहीं किया जाता है तथा सम्बन्धित विभाग से Consent to Establish (CTE) and Consent to Operate (CTO) की एन0ओ0सी0/सर्टिफिकेट प्राप्त नहीं कर लिया जाता है तो नियत अवधि बाद तहसीलदार सफीपुर व प्रभारी निरीक्षक थाना आसीवन उपरोक्त पोल्ट्री फार्म अपनी सुपुर्दगी में लेकर पोल्ट्री फार्म को बन्द या स्थानान्तरित कराने की कार्यवाही करेंगे जिसमें पशु चिकित्साधिकारी अपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे। आदेश की प्रति आदेश का अनुपालन कराने हेतु तहसीलदार सफीपुर व प्रभारी निरीक्षक थाना आंसीवन जनपद उन्नाव व पशु चिकित्साधिकारी सफीपुर को प्रेषित की जाये। आदेश का अनुपालन उपरोक्तानुसार सुनिश्चित किया जाये। बाद आवश्यक कार्यवाही पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

दिनांक-: 18.10.2025

(शिवेन्द्र कुमार वर्मा)
उपजिला मजिस्ट्रेट सफीपुर
जनपद-उन्नाव

उप जिला मजिस्ट्रेट सफीपुर जनपद-उन्नाव

Annexure R4/6

**Before The Hon'ble National Green Tribunal, Principal Bench At New Delhi Under Sections 16 of the National Green Tribunal Act, 2010 Appeal No._____OF 2025 In the Matter of: Attan Miya@ Ataur Rahman Siddique Vs State of U.P and others के सम्बन्ध में।**

उपरोक्त विषयक The Hon'ble National Green Tribunal, Principal Bench At New Delhi Under Sections 16 of the National Green Tribunal Act, 2010 Appeal No._____OF 2025 In the Matter of: Attan Miya@Ataur Rahman Siddique Vs State of U.P and others के सम्बन्ध में बिन्दुवार आख्या निम्नवत् है:–

**बिन्दु संख्या–01** टिप्पणी की आवश्यकता नहीं।

**बिन्दु संख्या–02** टिप्पणी की आवश्यकता नहीं।

**बिन्दु संख्या–03** टिप्पणी की आवश्यकता नहीं।

**बिन्दु संख्या–4.1** टिप्पणी की आवश्यकता नहीं।

**बिन्दु संख्या–4.2** टिप्पणी की आवश्यकता नहीं।

**बिन्दु संख्या–4.3** टिप्पणी की आवश्यकता नहीं।

**बिन्दु संख्या–4.4** प्रश्नगत पोल्ट्री फार्म की स्थापना हेतु राज्य बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं संचालन हेतु सहमति जल/वायु प्राप्त नहीं किया गया है। संदर्भित पोल्ट्री फार्म के विरूद्ध जन शिकायत प्राप्त होने के उपरान्त स्थीलय निरीक्षण संयुक्त समिति द्वारा दिनांक 02.09.2025 को किया गया था। निरीक्षण आख्या अनुसार पोल्ट्री फार्म से लगभग 180 मी0 की दूरी पर ग्राम–रहीमाबाद की आबादी स्थित पायी गयी थी। उसी गाँव के ग्रामवासियों द्वारा दुर्गन्ध एवं मक्खियों से हो रहे परेशानियों की शिकायत विभिन्न माध्यमों से की जा रही है। संयुक्त निरीक्षण अनुसार पोल्ट्री फार्म/लेयर फार्म कुकुट नीति–2013 एवं केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जनवरी, 2022 में जारी पोल्ट्री फार्म स्थापना हेतु जारी गाइडलाइन के अनुरूप पोल्ट्री फार्म का स्थल न होने के कारण बोर्ड मुख्यालय द्वारा पोल्ट्री फार्म के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस दिनांक 14.10.2025 एवं बन्दी आदेश दिनांक 29.10.2025 जारी किया गया है।

**बिन्दु संख्या–4.5** टिप्पणी की आवश्यकता नहीं।

**बिन्दु संख्या–4.6** बिन्दु सं0–4.4 के अनुसार।

**बिन्दु संख्या–4.7** बिन्दु सं0–4.4 के अनुसार।

**बिन्दु संख्या–4.8** टिप्पणी की आवश्यकता नहीं।

**बिन्दु संख्या–4.9** टिप्पणी की आवश्यकता नहीं।

**बिन्दु संख्या–4.10** टिप्पणी की आवश्यकता नहीं।

**बिन्दु संख्या–4.11** टिप्पणी की आवश्यकता नहीं।

**बिन्दु संख्या–4.12** टिप्पणी की आवश्यकता नहीं।

**बिन्दु संख्या–4.13** टिप्पणी की आवश्यकता नहीं।

**बिन्दु संख्या–4.14** टिप्पणी की आवश्यकता नहीं।

**बिन्दु संख्या–4.15** टिप्पणी की आवश्यकता नहीं।

**बिन्दु संख्या–4.16** टिप्पणी की आवश्यकता नहीं।

**बिन्दु संख्या–4.17** टिप्पणी की आवश्यकता नहीं।

**बिन्दु संख्या–4.18** टिप्पणी की आवश्यकता नहीं।

**बिन्दु संख्या–4.19** बिन्दु सं0–4.4 के अनुसार।

**बिन्दु संख्या–4.20** प्रश्नगत पोल्ट्री फार्म की स्थापना हेतु राज्य बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं संचालन हेतु सहमति जल/वायु प्राप्त नहीं किया गया है। संदर्भित पोल्ट्री फार्म के विरूद्ध पर्यावरणीय प्रदूषण तथा दुर्गन्ध की समस्या के दृष्टिगत जिला प्रशासन उन्नाव में ग्रामवासियों द्वारा जन शिकायत प्राप्त होने के उपरान्त स्थीलय निरीक्षण हेतु अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), उन्नाव द्वारा गठित संयुक्त समिति द्वारा दिनांक 02.09.2025 को किया गया था। निरीक्षण आख्या अनुसार पोल्ट्री फार्म से लगभग 180 मी0 की दूरी पर ग्राम–रहीमाबाद की आबादी स्थित पायी गयी थी एवं उसी गाँव के ग्रामवासियों द्वारा दुर्गन्ध एवं मक्खियों से हो रहे परेशानियों की शिकायत विभिन्न माध्यमों से की जा रही थी। संयुक्त निरीक्षण की आख्यानुसार पोल्ट्री फार्म/लेयर फार्म कुकुट नीति–2013 एवं केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जनवरी, 2022 में जारी पोल्ट्री फार्म स्थापना हेतु जारी गाइडलाइन के अनुरूप पोल्ट्री फार्म का स्थल न होने के कारण बोर्ड मुख्यालय द्वारा पोल्ट्री फार्म के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस दिनांक 14.10.2025 जारी किया गया। उक्त कराण बताओ नोटिस का जवाब पोल्ट्री फार्म संचालनकों द्वारा राज्य बोर्ड में प्रेषित नही किया गया एवं बन्दी आदेश दिनांक 29.10.2025 जारी किया गया है। उक्त बन्दी आदेश के क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी महोदय, उन्नाव के पत्रांक–649/एन0ओ0सी0–1691/2025 दिनांक–30.10.2025 द्वारा गठित संयुक्त समिति द्वारा दिनांक 04.11.2025 को श्री अत्तन मियां द्वारा संचालित पोल्ट्री फार्म, ग्राम–रहीमाबाद, थाना–आसीवन, तहसील–सफीपुर, जनपद–उन्नाव की बन्दी आदेश के क्रियान्वयन हेतु विद्युत विभाग, उन्नाव द्वारा विद्युत संयोजन एवं एक नग डी0जी0 सेट सीलिंग की कार्यवाही की गयी। निरीक्षण के समय मौके पर दोनों शेडों में लगभग 22000 मुर्गियाँ जीवित होना अवगत कराया गया। मौके पर पोल्ट्री फार्म प्रतिनिधि द्वारा पोल्ट्री फार्म को तीन दिन के अन्दर खाली किये जाने हेतु अनुरोध पत्र दिनांक 04.11.2025 (संलग्नक–01) प्रस्तुत किया गया। उक्त दोनों शेडों को खाली कराये जाने हेतु उपजिलाधिकारी सफीपुर, उन्नाव के पत्र दिनांक 04.11.2025 (संलग्नक–02) द्वारा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उन्नाव को प्रेषित किया गया। उक्त के अतिरिक्त संदर्भित बन्दी आदेश प्रभावी पोल्ट्री फार्म का संयुक्त समिति द्वारा उप जिलाधिकारी, सफीपुर, उन्नाव के मौखिक आदेशानुसार निरीक्षण दिनांक 18.11.2025 को किया गया। निरीक्षण के समय पोल्ट्री फार्म के 01 शेड खाली होने पर उक्त शेड को सील कर दिया गया था। शेष शेड को यथाशीघ्र पशुपालन विभाग से मुर्गियों को पोल्ट्री फार्म संचालक से समन्वय स्थापित हटाने हेतु कहा गया, जिससे कि पोल्ट्री फार्म को पूर्णः रूप से बन्दी आदेश के अनुपालन में सील किया जा सके। निरीक्षण के समय पशुपालन विभाग के पशु डाक्टरों द्वारा अवगत कराया गया कि बार–बार पोल्ट्री फार्म संचालक को मुर्गियों को अन्य स्थान पर स्थान्तरित करने हेतु निर्देशित किया जा रहा है, परन्तु पोल्ट्री फार्म संचालक द्वारा अपेक्षित सहयोग प्रदान नहीं किया जा रहा है। जिससे रहीमाबाद के ग्रामवासियों द्वारा बार–बार तहसील मुख्यालय आदि आफिसों का घेराव एवं शिकायत की जा रही है। संयुक्त समिति की अनुपालन आख्या बोर्ड मुख्यालय को प्रेषित की गयी है। कार्यालय के पत्र सं0–714/एन0ओ0सी0–1691/2025 दिनांक 19.11.2025 के माध्यम से जिलाधिकारी महोदय, उन्नाव को प्रश्नगत प्रकरण पर प्रभावी कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है (संलग्नक–03)। पोल्ट्री फार्म संचालकगणों द्वारा राज्य बोर्ड के बन्दी आदेश दिनांक 29.10.2025 के निर्देशों का अनुपालन न किये जाने तथा निरन्तर राज्य बोर्ड के बन्दी आदेश के विरूद्ध पोल्ट्री फार्म का संचालन किये जाने के दृष्टिगत कार्यालय के पत्र सं0–719/एन0ओ0सी0–1691/2025 दिनांक 20.11.2025 के माध्यम से पोल्ट्री फार्म के संचालकगण के विरुद्ध अभियोजनात्मक कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में विधि अनुभाग से विविध अभिमत प्राप्त किये जाने हेतु प्रेषित किया गया है (संलग्नक–04)। बोर्ड मुख्यालय से जारी बन्दी आदेश दिनांक 29.10.2025 का पूर्णतः अनुपालन मुर्गी फार्म के दोनों शेडों में पाली गयी सभी मुर्गीयों को पशु पालन विभाग द्वारा हटवाये जाने के उपरान्त दिनांक 18.12.2025 को जिलाधिकारी महोदय, उन्नाव द्वारा गठित समिति द्वारा सील किया गया। अनुपालन आख्या कार्यालय के पत्रांक–788/एन0ओ0सी0–1691/2025 दिनांक 19.12.2025 के माध्यम से बोर्ड मुख्यालय को प्रेषित की गयी है (संलग्नक–05)। उक्त लेयर फार्म इकाई द्वारा आनलाइन अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन निवेशमित्र पोर्टल पर दिनांक 04.10.2025 को किया गया था। आनलाइन अनापत्ति आवेदन पत्र के अनुसार उक्त लेयर फार्म मेसर्स बर्लिंग्टन लेयर फार्म, गाटा नं0 431 ग्राम रहीमाबाद, तहसील–सफीपुर, जिला–उन्नाव द्वारा 30000 बर्ड पालन एवं 29000 अण्डा/दिन उत्पादन तथा पोल्ट्री फीट 90 एम0टी0/दिन हेतु आवेदन किया गया था। आनलाइन आवेदन पत्र के साथ प्रेषित/आनलाइन अपलोड पार्टनीशिप डीड दिनांक 15.11.2021 (संलग्नक–06) के अनुसार लेयर फार्म के संचालकगण श्री जमीलुर्रहमान सिद्दीकी पुत्र श्री हाफिजुर्रहमान, श्री फजूर्लरहमान सिद्दीकी पुत्र हाफिजुर्रहमानएवं श्री उबैर्दुहमान पुत्र शफीकुर्रहमान सिद्दीकी है। उक्त स्थापना सहमति आवेदन पत्र को राज्य बोर्ड के ऑनलाइन संदर्भ सं0–251806/UPPCB/Unnao(UPPCBRO)/CTE/UNNAO/2025 दिनांक 09.10.2025 द्वारा अस्वीकृत कर दिया गया है (संलग्नक–07)।

